ब्रैम्पटन:
एक कलात्मक भविष्य

ब्रैम्पटन शहर की पब्लिक आर्ट संबंधी रणनीति

ब्रैम्पटन शहर द्वारा पब्लिक आर्ट (Public art) को, जीवंत, खुशहाल और भागीदारी वाले शहर बनाने में एक बहुमूल्य साधन के तौर पर मान्यता दी गई है।

यह रणनीति ब्रैम्पटन की रचनात्मक कम्युनिटी को मजबूत करने के लिए विभिन्न पब्लिक आर्ट प्रोजेक्टों द्वारा सहायता करती है, जो रिहायशी प्रोग्राम, मेंटरशिप और ट्रेनिंग और अन्य अवसर प्रदान करते हैं।

ब्रैम्पटन: एक कलात्मक भविष्य (Brampton: An Artful Future) में सात रणनीतिक स्तंभ शामिल हैं:

विविधता और भागीदारी
कम्युनिटी से जुड़ाव
रीकन्सिलिएशन और इंडिजेनाइजेशन
सुलभता
रचनात्मकता और नवीनता का समर्थन
सहयोग
लगातार निवेश

रणनीति के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **brampton.ca/**publicart पर जाएं।

BRAMPTON

Hindi

जहां संस्कृति कम्युनिटी के साथ मिलती है

ब्रैम्पटन की पब्लिक आर्ट की पड़ताल करें

माई नेबरहुड आर्ट प्रोजेक्ट (My Neighbourhood Art Project)

यह प्रोग्राम निवासियों और कलाकारों को इकट्ठा लाता है ताकि ब्रैम्पटन की कम्युनिटीज में अस्थायी पब्लिक कला रची जा सके। कलाकारों के नेतृत्व के अंतर्गत वर्कशॉप्स द्वारा हर उम्र के लोग अपने विचार और रचनात्मकता साझी करते हैं, जो सुंदर कला रचनाओं को जन्म देती है।

ब्रैम्पटन बॉक्सड – ट्रैफिक बॉक्स आर्ट प्रोग्राम (Brampton BOXED – Traffic Box Art Program)

इस प्रोग्राम में शहर के उभरते कलाकारों को ट्रैफिक कंट्रोल बॉक्सों को सजाने के लिए, पब्लिक आर्ट बनाने का मौका मिलता है। यह कला शहर की विलक्षण पहचान और कहानियों को दर्शाती है।

ट्रेल्स और रास्तों के साथ-साथ पब्लिक आर्ट

पब्लिक आर्ट की यह पहलकदमी, लोगों को शहर के पार्कों और ट्रेल्स सिस्टम में लगाई, कई तरह की जगह-विशेष, अस्थायी कलाकृतियों देखने के लिए आमंत्रित करती है। यह कलाकृतियां, इन जगहों में शानदार दृश्य शामिल करती हैं, ताकि वहां से गुजरने वाले लोग उनका नजारा ले सकें।

कन्वीनिएंट आर्ट

8 नेल्सन (8 Nelson) की मुख्य मंजिल पर खाली स्टोर के आगे के हिस्से में स्थित, कन्वीनिएंट आर्ट (Convenient Art) एक अस्थायी प्रदर्शनी जगह है, जो ब्रैम्पटन के उभरते कलाकारों का समर्थन करती है। यहां लगी कला 24/7 खिड़कियों द्वारा देखी जा सकती है।

इन वार्षिक प्रोग्रामों के अलावा, शहर के पास **पब्लिक आर्ट इंस्टॉलेशन्स (Public Art Installations), दीवार चित्रों (Murals), स्मारकों (Monuments) और मेमोरियल्स (Memorials)** का शानदार कलेक्शन भी है।

brampton.ca/publicart

BRAMPTON